न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :–366/2019–20

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

श्री बुटया मुण्डा – विक्रेता

फुलवन्ती देवी – क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित
17.03.20	(see below)	

17.03.20

आदेश

आवेदक श्री बुटया मुण्डा पिता स्व0 दुखवा मुण्डा ग्राम–डहुगुटू, थाना खूँटी जिला खूँटी ने फुलवन्ती देवी पति श्री धिरजा मुण्डा ग्राम–बगडू, पो0–बेलवादाग, थाना–खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा(एकड़ में)
हुटुबदाग	88	32	91	0.05

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाणपत्र/खतियान एवं लगान की रसीद सं0 0711454140 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 236 दिनांक 12.03.20 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम कनरी मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार दुखुवा मुण्डा वगैरह के नाम भूमि का रकवा 1. 70½ एकड़ है। आवेदक के रकबा 0.56½ एकड़ भूमि के आलावा अन्य मौजा मुरही खाता सं0 54 रकबा 2.21 एकड़ भूमि कुल रकबा 2.77½ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018–19 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित 70955.00(सत्तर हजार नौ सौ पच्चपन)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 2.72½ एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण श्री बुटया मुण्डा पिता स्व0 दुखवा मुण्डा को फुलवन्ती देवी पति श्री धिरजा मुण्डा के साथ ग्राम हुटुबदाग के खाता सं0 32 खेसरा संख्या 91 कुल रकबा 0.05 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 70955.00(सत्तर हजार नौ सौ पच्चपन)रूपये प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

(हस्ताक्षर) 17/03/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

(हस्ताक्षर) 17/03/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।